सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-443**
18/09/2017

बिहार चिकित्सा सेवायें आधारभूत संरचना निगम, बिहार राज्य टेक्सटबुक कॉरपोरेशन लिमिटेड, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को चेक सौंपा गया

पटना 18 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित लोक संवाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को बिहार चिकित्सा सेवायें आधारभूत संरचना निगम की तरफ से स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय एवं प्रधान सचिव स्वास्थ्य ने डेढ़ करोड़ रूपये, बिहार राज्य टेक्सटबुक कॉरपोरेशन लिमिटेड की तरफ से शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा एवं प्रधान सचिव शिक्षा ने एक करोड़ रूपये तथा बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड की तरफ से शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा एवं प्रधान सचिव शिक्षा ने दो करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा। इसके अलावा आई0एम0ए0 भागलपुर द्वारा भी मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये एक लाख एक हजार रूपये का चेक दिया गया।

आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में पूर्व विधायक श्री ऋषि मिश्रा ने 25 हजार रूपये, श्री अरूण कुमार वर्मा ने एक लाख पॉच हजार रूपये, पूर्व मंत्री श्री रामलखन महतो ने 21 हजार रूपये तथा निदेशक आर0 महतो इन्स्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन ने 51 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की।

******